मेला क्षेत्र में बनेगा नया सिंहस्थ भवन, शिप्रा नदी पर बनेंगे दो नए पुल

विकास प्राधिकरण की बोर्ड बैठक में अहम प्रस्तावों पर लगी मोहर, संभाग आयुक्त सह यूडीए अध्यक्ष आशीष सिंह ने ली बैठक

कलेक्टर, निगमायुक्त मिश्रा भी हुए शामिल

सांसद के प्रयासों से बड़नगर को मिली रेल की सौगात

उज्जैन। विकास प्राधिकरण के माध्यम से प्रचलित निर्माण कार्यों, योजनाओं गतिविधियों से लेकर सिंहस्थ 2028 के मद्देनजर होने वाले विकास कार्यों के संबंध में संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने सह यूडीए अध्यक्ष होने के नाते बोर्ड बैठक ली। जिसमें उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी से लेकर बोर्ड सदस्य निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा भी शामिल हुए। बोर्ड बैठक में अहम प्रस्तावों पर मोहर लगाई गई।

गौरतलब है कि उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा सिंहस्थ मेला क्षेत्र में 13 सड़के बनाई जा रही हैं। जिसमें 3 सिक्सलेन भी हैं। कुछ फोरलेन है टू लेन हैं और नगर निगम के माध्यम से अवैध निर्माण अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई जल्द शुरू होगी और साइड रिक्त होने के बाद विकास प्राधिकरण वहां पर सड़कों का निर्माण करेगा। सिंहस्थ 2028 में आगंतुक अतिथि आएंगे श्रद्धालु आएंगे साधु संत आएंगे उनके लिए यह मार्ग सुलभ रहेंगे।

इधर उज्जैन आलोट संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद अनिल फिरोजिया के लंबे समय से चल रहे निरंतर प्रयासों और जनहित में किए गए आग्रहों के परिणामस्वरूप बड़नगर रेलवे स्टेशन पर काचेगुड़ा भगत की कोठी एक्सप्रेस के प्रायोगिक ठहराव को स्वीकृति प्रदान की गई है। रेल मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह ठहराव प्रायोगिक आधार पर प्रारंभ किया जाएगा, जिससे बड़नगर एवं आसपास के क्षेत्र के यात्रियों को सीधी और सुलभ रेल सुविधा उपलब्ध होगी।

सीएम ने किए भूमि पूजन ,लोकार्पण-अहम प्रस्ताव पर मोहर

मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जिन अहम विकास कार्यों का भूमि पूजन किया था। वहां पर निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। साथ ही कुछ लोकार्पण भी सीएम द्वारा किए गए हैं उन्हें भी आम जनता के लिए जल्द उपलब्ध कराया जाएगा। नानाखेड़ा चौराहे पर प्रतिकल्पा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनाया है, उसके लिए भी प्रक्रिया आगे बढ़ा दी गई है साथ ही क्षिप्रा विहार में होटल हब और फूड झोन के लिए प्लाट विकास प्राधिकरण द्वारा बेचे जाने की प्रक्रिया संपादित की गई है। शुक्रवार को विकास प्राधिकरण के मीटिंग हॉल में संभाग आयुक्त सह यूडीए अध्यक्ष आशीष सिंह द्वारा बोर्ड बैठक ली गई। जिसमें कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, यूडीए सीइओ संदीप सोनी से लेकर बोर्ड के अन्य सदस्य शामिल हुए। विकास प्राधिकरण की आगामी गतिविधियों योजनाओं विकास कार्य और निर्माण कार्यों के संबंध में निर्णय लिए गए अहम प्रस्तावों पर मोहर लगाई गई।

इन प्रस्तावों पर लगी मोहर

उज्जैन में सिंहस्थ मेला कार्यालय भवन निर्माण कार्य के निविदा स्वीकृति की गई। यह कार्य लगभग 40 .30 करोड़ की लागत से मेला क्षेत्र में किया जाएगा। इससे सिंहस्थ मेला आयोजन के दौरान प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुदृढ़ होंगी। क्षिप्रा नदी पर महाकाल मंदिर के समीप शिप्रा रिवर फ्रंट विकास कार्य अंतर्गत दो नए पुलों का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना की कुल लागत 71.81 करोड़ है। इससे सिंहस्थ के दौरान यातायात व्यवस्था सुगम होगी और श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी। महाकाल लोक क्षेत्र से हरसिद्धि मंदिर तक श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 24 मीटर चौड़ी, 12 मीटर लंबी सड़क के विकास कार्य को स्वीकृति दी गई है। यह कार्य ?21.05 करोड़ की लागत से किया जाएगा। इससे सिंहस्थ-2028 की तैयारियों को मजबूती मिलेगी। उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा होटल, महाकाल लोक एवं ट्रांसपोर्ट स्टेशन के विकास एवं संचालन के लिए मॉडल पर परियोजना क्रियान्वयन की स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना पर लगभग 500 करोड़ का निवेश प्रस्तावित है, जिससे सिंहस्थ-2028 के पूर्व उज्जैन के सार्वजनिक बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ किया जाएगा। त्रिवेणी क्षेत्र सेक्टर-ए में मेला भवन के निर्माण को प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह परियोजना ?65 .15 करोड़ की लागत से प्रस्तावित है, जिससे सांस्कृतिक एवं धार्मिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना-2 .0 (शहरी) अंतर्गत अष्टर-03, उज्जैन में 4 .3 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित आवासीय परियोजना की को स्वीकृति दी गई है। इस योजना के अंतर्गत 1346 आवास इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। सिंहस्थ-2028 के दौरान महाकाल मंदिर एवं आसपास क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कार्यों को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना की लागत 17 .70 करोड़ है। सिंहस्थ-2028 के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण एवं स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है। इन परियोजनाओं पर 54 करोड़ की लागत आएगी।

एक नजर में

मोहम्मद यूनुस का जलाया पुतला

उज्जैन। बांग्लादेश में षड्यंत्र पूर्वक हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार व उनकी हो रही हत्याओं के विरोध में एवं बांग्लादेश में निवासरत अल्पसंख्यकों की जानमाल की रक्षा किये जाने की मांग को लेकर भारत तिब्बत समन्वय संघ एवं संस्कृति रक्षक मंच द्वारा आगर रोड स्थित मोहन नगर अंबे माता मंदिर के पास बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद यूनुस के पुतले को फांसी देकर एवं बांग्लादेश के झंडो को जलाया गया। इस मौके पर मयूर अग्रवाल, नीलेश खोयरे, भूपेन्द्र कहार, नरेश राठौर, अशोक राठौर, राजेंद्र सिंह तोमर, हरिओम तिवारी, लखन राणावत, संदीप राणा, महेश साहू, दिलीप मिश्रा, मनोज शर्मा, मिलिंन चौधरी, मोना भंडारी आदि अन्य कई राष्ट्रभक्त उपस्थित थे।

अधिवेशन को लेकर हुई बैठक

उज्जैन। अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन का प्रांतीय अधिवेशन 'प्रेरणा 2025' 30 दिसंबर को उज्जैन शहर में होने जा रहा है। प्रान्तीय अध्यक्ष राजकुमारी बागड़ी ने बताया कि संपूर्ण मध्य प्रदेश के अलग-अलग शहरों से चालीस शाखाओं से करीब 250 महिलाएं इस अधिवेशन में सम्मिलित होंगी। यह तेरहवां प्रांतीय अधिवेशन है, इसका आयोजन महानंदा नगर शाखा द्वारा किया जा रहा है। इस अधिवेशन में विगत दो वर्षों में की गई सेवा गतिविधियों का विवरण व बैनर प्रस्तुतीकरण तथा उनके किए गए कार्यों के लिए शाखाओं को पुरस्कृत किया जाएगा। प्रान्तीय सचिव रुचिका खंडेलवाल, प्रांतीय कोषाध्यक्ष संध्या सारडा, प्रांतीय सहसचिव माधुरी सोलंकी, महानंदा नगर शाखा की अध्यक्ष सीमा खंडेलवाल, सचिव भारती नीमा सहित शाखा की बहनों द्वारा इस अधिवेशन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और सभी की अगवानी के लिए सभी तत्पर हैं। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अंजू सरावगी रहेंगी। विशिष्ट अतिथि सुमन मूंदड़ा, इंदु गर्ग, अंशु गुप्ता उपस्थित रहेंगी। इस अधिवेशन में महक पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। जिसमें विगत दो वर्षों में सभी शाखाओं द्वारा प्रांत में किए गए कार्यों का विवरण रहेगा।

उज्जैन मंडी प्रीमियर लीग 28 दिसंबर को

उज्जैन। कृषि उपज मंडी के व्यापारी अब व्यापार के साथ-साथ खेल के मैदान में भी अपना दमखम दिखाने जा रहे हैं। मंडी के युवा व्यापारियों द्वारा पहली बार उज्जैन मंडी प्रीमियर लीग का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 8 टीमों के बीच रोमांचक क्रिकेट मुकाबले खेले जाएंगे। उज्जैन मंडी प्रीमियर लीग के सदस्य अशोक तलेरा ने बताया कि यह आयोजन मंडी के युवा व्यापारियों का पहला प्रयास है। टूर्नामेंट में कुल 8 टीमें और 80 खिलाड़ी भाग लेंगे। महत्वपूर्ण सहयोग 8 फ्रेंचाइजी ओनर निमेष अग्रवाल, संदीप सारडा, संतोष गर्ग, आशीष खंडेलवाल, अभिषेक विनायका, राकेश माहेश्वरी, अतुल खंडेलवाल, नितेश गर्ग सभी ने ऑक्शन के माध्यम से अपनी टीम बनाई। मुकाबले 28 दिसंबर रविवार को सुबह 9 बजे से देर रात तक आयोजित किए जाएंगे। इस आयोजन में अशोक तलेरा, दीपक लाठी, आदिश जैन, अनिकेत खंडेलवाल और यश गर्ग की अहम भूमिका रहेगी। वहीं मंडी के सभी व्यापारी भाइयों का भी पूरा सहयोग प्राप्त हुआ है।

गंदगी पर 33 हजार से अधिक का जुर्माना

उज्जैन। नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा शहर की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए प्रतिदिन जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है जिसके क्रम में शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार समस्त जोन अंतर्गत कार्रवाई करते हुए 33 हजार से अधिक का जुर्माना वसूला। जिसमें गंदगी करते पाए जाने पर 19 हजार, प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग करने पर 08 हजार का जुर्माना एवं भवन निर्माण सामग्री सड़क पर रखने पर 06 हजार का जुर्माना वसूला गया। उक्त कार्रवाई संबंधित जोन के स्वास्थ्य अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक, दरोगा की उपस्थिति में की गई।

चरक चौपाटी से अवैध गुमटियों को हटाया

उज्जैन। शुक्रवार को नगर निगम अतिक्रमण रिमूवल गैंग द्वारा चरक अस्पताल के पास लगने वाली चौपाटी क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए 07 अवैध रूप से संचालित गुमटियों को जब्त करने की कार्रवाई निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश के अनुसार की गई। निगम आयुक्त द्वारा निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया था कि चरक अस्पताल के पास अवैध रूप से संचालित गुमटियों एवं हाथ ठेले के कारण काफी गंदगी के साथ-साथ आवागमन में समस्या उत्पन्न होती है। जिसके क्रम में रिमूवल गैंग द्वारा कार्यवाही करते हुए अवैध गुमटियां एवं हाथ ठेले को जप्त किया गया। उक्त कार्रवाई गैंग प्रभारी मोनू थनवार एवं रिमूवल गैंग के कर्मचारियों की उपस्थिति में की गई।

पुरानी सब्जी मंडी अतिक्रमण हटाया

उज्जैन। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर निगम द्वारा शुक्रवार को फ्रीगंज स्थित पुरानी सब्जी मंडी एवं अन्य स्थानों से अवैध अतिक्रमण जिसमें हाथ ठेले एवं गुमटियों को निगम रिमूवल गैंग द्वारा हटाने की कार्रवाई जारी रही, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा दिए गए सख्त निर्देश के क्रम में फ्रीगंज पुरानी सब्जी मंडी में अवैध रूप से संचालित सब्जी के ठेला को जब्त किया गया।

28 से प्रारंभ होगी संगीतमय श्रीराम कथा

उज्जैन। दमदमा में श्री राम कथा 28 दिसम्बर को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगी। कलश यात्रा केदारेश्वर महादेव मंदिर लक्ष्मी नगर से प्रातः 10 बजे से प्रारम्भ होगी। महाकाल की पवित्र नगरी उज्जैन के वार्ड क्रमांक 52 में दमदमा क्षेत्र में 28 दिसंबर से 4 जनवरी तक भव्य राम कथा का आयोजन हो रहा है। नागरिक युवा मंच दमदमा एवं भागवत सत्संग समिति दमदमा के तत्वाधान में प्रतिवर्ष कथा का आयोजन किया जाता है। इस बार रामकथा का आयोजन रखा गया है। जिसमें पंडित दर्पण गोपाल शर्मा द्वारा रामकथा का वाचन किया जाएगा। उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार ने बताया कि रामकथा के मुख्य यजमान कमल विश्वकर्मा, भगवती विश्वकर्मा, सत्यनारायण शर्मा एवं श्यामा शर्मा है। संगीतमय कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक होगी। कथा में अधिक से अधिक धर्मालुजनों से शामिल होकर धर्मलाभ लेने का अनुरोध राजेंद्र वशिष्ठ संरक्षक, कैलाश मालवीय, राधेश्याम विश्वकर्मा, विजय परमार, संजय जादोन, रिंकी कौशल, संतोष कुशवाह, टीटू मालवीय, अजय गौर द्वारा की गई।

रेलवे ब्रिज से कूदे उड़ीसा के युवक की उपचार के दौरान मौत

परिवार के आने पर कराया जाएगा पोस्टमार्टम

उज्जैन। रेलवे ब्रिज से कूदे युवक की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई। युवक के परिजनों को सूचना दी गई है उनके आने पर पोस्टमार्टम कराया जाएगा। परिजनों के आने पर ही युवक के संबंध में स्पष्ट जानकारी सामने आ पाई थी।

जीआरपी ने बताया कि गुरुवार दोपहर को प्लेटफार्म नंबर 6 पर बने ब्रिज से एक युवक ने छलांग लगा दी थी। गिरते ही वहां रेलवे की हाई टेंशन लाइन से टकराया और पटरियों आ गिरा। करंट लगने और गिरने से चोट लगने पर गंभीर घायल हुआ था। जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंची थी और युवक को अस्पताल ले जाया गया था। जहां उपचार के दौरान रात में युवक की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में युवक का नाम सीतारमण निवासी उड़ीसा होना सामने आया है। उसके पास मोबाइल मिला था जिसके आधार पर उड़ीसा पुलिस से संपर्क कर परिजनों को सूचना दी गई है। बताया जा रहा है कि 5 दिन पहले युवक घर से निकला था परिजन उसकी तलाश भी कर रहे थे उनके आने पर ही पोस्टमार्टम कराया जाएगा। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि युवक उज्जैन क्यों आया था और उसने आत्मघाती कदम क्यों उठाया है। परिजनों के बयान और जांच के बाद ही मामला स्पष्ट हो पाएगा।

पावर लूमकर्मी ने पानी भरने के बाद लगाई फांसी

उज्जैन। शुक्रवार सुबह घर का पानी भरने के बाद अधेड ने दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। पुत्र ने पिता को लटका देखा तो परिवार को सूचना दी। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है। जांच के बाद फांसी लगाने का कारण सामने आ पाएगा। चिमनगंज थाना क्षेत्र के राजीव नगर में रहने वाले सतीश पिता मानसिंह नरवरिया 50 साल का शव फंदे पर लटका हुआ पुत्र आर्यन ने देखा तो परिवार को सूचना दी और फंदे से उतर कर अस्पताल लेकर पहुंचा जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया। फांसी लगाकर आत्महत्या करने की जानकारी पुलिस को मिली तो मर्ग कायम किया गया। पोस्टमार्टम के दौरान पुत्र आर्य ने बताया कि पिता ने दुपट्टे से फांसी लगाई थी। वह सुबह नींद से जाग गए थे और नल आने पर घर का पानी भी भरा था। पिता कुछ दिनों से लगातार शराब पीकर घर में विवाद भी कर रहे थे। वह पावर रूम पर काम करते थे, नशे के चलते कुछ दिनों से कम पर भी नहीं जा रहे थे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा है। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। संभावना जताई जा रही है कि नशे की लत और आर्थिक परेशानी के चलते उसने मौत को गले लगाया है।

प्लेटफार्म नंबर 4 से मिली लाश

शुक्रवार सुबह जीआरपी ने प्लेटफार्म नंबर 4 से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। जिसकी पहचान के प्रयास किया जा रहे हैं। मृतक व्यक्ति हुलिये से भिक्षुक प्रतीत हो रहा है। जीआरपी के अनुसार पहचान नहीं होने पर उम्र तक का अंतिम संस्कार कराया जाएगा। संभावना है कि मृतक बाहर का रहने वाला हो सकता है।

पहुंच मार्ग को दुरुस्त किया जाए : महापौर

उज्जैन। त्रिवेणी स्थित नगर निगम द्वारा संचालित मोक्ष धाम पर समुचित व्यवस्थाएं एवं पहुंच मार्ग को दुरुस्त किया जाए। साथ ही आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 को दृष्टिगत रखते हुए भी उक्त स्थान की उपयोगिता रहेगी। इसलिए मोक्ष धाम को सिंहस्थ के प्लान में शामिल करते हुए यहां पर विकास कार्य करवाया जाए। उक्त निर्देश शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा नगर निगम के अधिकारियों के साथ निरीक्षण के दौरान दिए गए। निरीक्षण के दौरान महापौर मुकेश टटवाल द्वारा निगम अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि त्रिवेणी स्थित मोक्ष धाम पर दाह संस्कार हेतु ओटलो की संख्या बढ़ाई जाए। निरीक्षण के दौरान संतोष टैगोर, संतोष गुप्ता, पवन कुमार फुलफकीर, कार्यपालन यंत्री साहिल मैदावाला, लक्ष्मण प्रसाद साहू, स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौड़ उपस्थित रहे।

वार्ड 15 में बावड़ी के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

उज्जैन। अटल स्मृति पर्व के अवसर पर गुरुवार को वार्ड क्रमांक 15 स्थित अटल उद्यान पर मोदी का चोपड़ा एवं बावड़ी के जीर्णोद्धार एवं अन्य विकास कार्यों हेतु स्मार्ट सिटी मिशन अंतर्गत राशी रुपए लगभग 8 करोड़ 29 लाख की लागत से भूमि पूजन कार्य सर्वप्रथम भारत रत्न पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेश नाथ महाराज, विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल, निगम अध्यक्ष कलावती यादव, आयुक्त अभिलाष मिश्रा एवं नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल की उपस्थिति में संपन्न किया गया।

उल्लेखनीय है कि मोदी का चोपड़ा, बावड़ी के जीर्णोद्धार एवं अन्य विकास कार्य अंतर्गत बावड़ी के ढांचे का सौंदर्यकरण एवं जीर्णोद्धार कार्य, साफ सफाई डीसिल्टिंग एवं डीवाटरिंग कार्य, अद्भुत अनुभव के लिए सन क्लॉक, बावड़ी के चारों ओर स्तंभ, मंडप, अटल उद्यान का सौंदर्यकरण, भव्य आकर्षक गेट, बाउंड्री वॉल, फ्रेश रूम एवं इंटरप्रिटेशन गैलरी का कार्य, बावड़ी के जल स्तर को बनाए रखने के लिए पंपिंग रूम एवं पाइपलाइन कार्य, म्यूजिकल फाउंटेन एवं आकर्षक लाइटिंग के साथ ही अन्य आवश्यक कार्य करवाए जाएंगे निश्चित रूप से यह कार्य अटल जी की स्मृति में इस क्षेत्र के रहवासियों को एक सौगात के रूप में मिल रही है। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित सभी के द्वारा स्वच्छता अभियान अंतर्गत श्रमदान करते हुए स्वच्छता की शपथ ली गई।

इस अवसर पर नगर महामंत्री जगदीश पांचाल, आनंद खींची, कमलेश बैरवा, वरिष्ठ भाजपा नेता रूप पमनानी, जगदीश अग्रवाल, ओम जैन, प्रभुलाल जाटवा, राजेंद्र झालानी, रितेश जटिया, रजत मेहता, जोन अध्यक्ष सुरेंद्र मेहर, पुरुषोत्तम मालवीय, संग्राम सिंह भाटिया, संदीप शिवा, उपायुक्त मनोज मौर्य, सहायक आयुक्त घनश्याम मचार, सहायक यंत्री डीएस परिहार, सर्वमुकेश यादव, कल्याण शिवहरे, उमेश सेंगर, ऋषि वर्मा, पंकज मिश्रा, शानू मेहता, प्रकाश जायसवाल, रूपेश श्रीवास्तव, श्याम मेहता, सोनल जोशी, कांता विश्वकर्मा, प्रियंका सेंगर एवं वार्ड के नागरिक उपस्थित रहे।

निगम अध्यक्ष ने शौर्य यात्रा का स्वागत किया

गुरु गोविंद सिंह जी महाराज के साहिबजादौ के शहादत दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में मनाया जाता है इस हेतु शुक्रवार को वीर बालदिवस के अवसर पर शौर्य यात्रा का स्वागत निगम द्वारा वार्ड क्रमांक 15 निकास चौराहा से निगम अध्यक्ष कलावती यादव की उपस्थिति में किया गया। शौर्यात्रा गुरुद्वारा सुखसागर फ्रींगज से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए गीता कालोनी स्थित माता गुजरी जी गुरुद्वारा पर समाप्त हुई। इस दौरान शौर्य यात्रा के स्वागत में प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुलाल जाटवा, जगदीश पांचाल, रितेश जटिया, डॉ. घनश्याम शर्मा, चरणजीत कालरा, चरणसिंह गिल, दलजीत सिंह अरोड़ा, अवतार सिंह अरोड़ा, नीतू डग, हरजीत कौर, यूएस छाबड़ा, कौशल्या रोचवानी, जसबीर कौर चावला, बबली कौर डग आदि उपस्थित रहे।

खाचरौद उपजेल से भागे कैदियों के मामले में 3 अधिकारी निलंबित

उज्जैन। खाचरौद उज्जैन से भागे तीन कैदियों के मामले में शुक्रवार को जेल डीजी घटनाक्रम की पड़ताल के लिए पहुंचे थे। मामले में तीन अधिकारियों को निलंबित किया गया है। वही जेल सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी किए हैं।

25 दिसंबर की शाम खाचरोद उपजेल से हत्या और दुष्कर्म के तीन आरोपी भाग निकले थे। इसके बाद से उनकी तलाश जारी है। शुक्रवार शाम तक तीनों का कुछ पता नहीं चल पाया था। इस बीच जेल डीजी वरुण कपूर खाचरोद पहुंचे और उन्होंने कैदियों के भागने के संबंध में जानकारी ली। उपजेल से कैदियों के भागने की जानकारी लेने के बाद उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए बताया कि लापरवाह जेलर नवीन नीमा के साथ नीमच जेल के सहायक अधीक्षक मनोज कुमार चोरसिया और जेल प्रहरी रितेश कटारा को निलंबित किया गया है। मनोज कुमार का स्थानांतरण खाचरोद किया गया था लेकिन वह समय से नहीं पहुंचे। जेल डीजी ने कहा कि जेल में सुरक्षा के इंतजामों को पुख्ता करने के निर्देश दिए गए हैं। जो भी ऐसी सामग्री है जो कैदियों के भागने में मददगार हो सकती है उन्हें जेल परिसर से हटाया जाएगा।

विदित हो कि तीनों कैदी महिला बैरक की दीवार कूद कर भागे है। दीवार के सहारे उन्होंने सीढ़ी लगाई थी। जेल में रंगी पुताई का काम चल रहा था इसी का फायदा कैदियों ने उठाया और भाग निकले। खाचरौद उपजेल से 11 माह पहले जनवरी में लूट का आरोपी भाग निकला था उसे दौरान जेल से जुड़े 6 अधिकारी और कर्मचारियों पर गाज गिरी थी।

निगम आयुक्त ने वार्डों में निरीक्षण किया

उज्जैन। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा प्रातः सफाई व्यवस्था निरीक्षण के क्रम में शुक्रवार को वार्ड क्रमांक 24 एवं 25 में सफाई व्यवस्था के साथ-साथ कचरा कलेक्शन वाहनों में सेग्रीगेशन को चेक किया गया।

निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त मिश्रा द्वारा निर्देशित किया गया कि निगम द्वारा संचालित उद्यानों के पास किसी भी प्रकार का अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे अवैध निर्माण को तत्काल हटाए जाने की कार्रवाई की जाए साथ ही मुख्य क्षेत्र में जीवीपी पॉइंट (कचरे का ढेर) ना रहे इस बात का विशेष ध्यान रखें, खुले स्थान पर कचरा फेंकने वालों को समझाइश देते हुए चालानी कार्रवाई करें। साथ ही आयुक्त द्वारा चाय की दुकान एवं गुमटी पर पहुंचकर दुकानदार को समझाइश दी गई कि प्रतिबंधित डिस्पोजल ग्लास एवं पॉलीथिन का उपयोग ना करें कांच के ग्लास या मिट्टी के कुल्हड़ में ही चाय दी जाए अन्यथा जपती के साथ-साथ भारी जुर्माने की कार्यवाही भी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त संजेश गुप्ता, स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौड़ उपस्थित रहे।

महाकाल मंदिर | **अफसरों के साथ व्यवस्थाएं देखी व निर्देश दिए-**

नए साल से पहले महाकाल मंदिर में उमड़ी भीड़, कलेक्टर पहुंचे

नवभारत न्यूज

उज्जैन। नए साल 1 जनवरी से पहले ही महाकाल के दरबार में लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए उमड़ना शुरू हो गए है। शुक्रवार को भी काफी भीड़ रही। कलेक्टर रोशन सिंह खुद मंदिर में व्यवस्थाओं को जायजा लेने पहुंच गए। अफसरों की टीम के साथ कलेक्टर ने निरीक्षण किया और नववर्ष के दौरान की जाने वाली दर्शन व्यवस्था को लेकर निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने श्रद्धालुओं की आवाजाही, सुरक्षा व्यवस्था, मूलभूत सुविधाओं तथा भीड़ प्रबंधन की व्यवस्था का अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही मंदिर परिसर एवं महाकाल लोक में चल रहे निर्माण कार्य भी देखे तथा संबंधित निर्माण एजेंसियों को समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए, जिससे नववर्ष के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस दौरान मंदिर प्रशासक प्रथम कौशिक, नगर निगम सीईओ अभिलाष मिश्रा, स्मार्ट सिटी सीईओ संदीप शिवा भी मौजूद रहे।

वर्ष 2025 खत्म होने को है। इससे पहले महाकाल मंदिर से मिले आंकड़ों को देखें तो सामान्य दिनों में मंदिर दर्शन के रोजाना 1.20 लाख श्रद्धालु आ रहे हैं। वीक एंड में डेढ़ से पौने 2 लाख श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। महाकाल मंदिर के सहायक प्रशासक आशीष फलवाड़िया ने बताया कि 1 जनवरी से अभी दिसंबर की शुरुआत तक मंदिर में 5 करोड़ 50 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच चुके है। 25 दिसंबर से 31 जनवरी तक करीब 6 लाख श्रद्धालुओं के मंदिर में पहुंचने की संभावना है।

समिति को हो रहा करोड़ों का नुकसान

महाकाल मंदिर के गर्भगृह में दो वर्ष अधिक समय से आम श्रद्धालुओं का प्रवेश बंद है। यदि गर्भगृह में प्रवेश चालू होता तो 2 श्रद्धालुओं के लिए जल अर्पण हेतु 1500 रुपए की टिकट होती। जुलाई 2023 में गर्भगृह में आम भक्तों का प्रवेश बंद कर दिया गया था। जिसके बाद से गर्भगृह पूर्णतः बंद है। आपको यह भी बता दे कि साल 2023 में जनवरी से जुलाई तक गर्भगृह दर्शन और जल अर्पण से 7 माह में ही 21 करोड़ रुपए की आय हुई थी। गर्भगृह बंद होने से महाकाल मंदिर समिति को करोड़ों रुपए के दान का नुकसान हो रहा है।

महापौर ने आयुष क्लीनिक का निरीक्षण किया

उज्जैन। मध्य प्रदेश सरकार द्वारा जन समुदाय को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए आयुष विभाग निरंतर प्रयासरत है। आयुष औषधालय के माध्यम से उत्कृष्ट सेवाओं की प्रदायगी एवं नागरिकों की सहभागिता को प्रोत्साहित करने के लिए आयुष जन आरोग्य समितियां का गठन किया गया है। जिसमें निगम के महापौर मुकेश टटवाल को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जिसके क्रम में शुक्रवार को महापौर मुकेश टटवाल द्वारा बसंत विहार वेदा हॉस्पिटल के पास आयुष विभाग मध्य प्रदेश राष्ट्रीय मिशन अंतर्गत संचालित आयुष क्लीनिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर का प्रथम बार निरीक्षण किया गया। जहां आने वाले मरीजों का पूर्ण रूप से निःशुल्क उपचार होम्योपैथिक पद्धति से किया जाता है। इस दौरान डॉ. पंकज पाटीदार एवं स्टाफ उपस्थित रहे।